**म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड**

**26, अरेरा हिल्स,किसान भवन,भोपाल**

क्र./मंडी बोर्ड/आई.टी.सेल/2024-25/ 466 भोपाल, दिनांक 28 /01/2025

प्रति

1. संयुक्त संचालक
   म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
   आंचलिक कार्यालय (समस्त)
2. सचिव
   कृषि उपज मंडी समिति (समस्त)

विषय :- एम.पी. फार्मगेट एप के व्यापक रूप से कृषकों के मध्य प्रसारित करने के सम्बन्ध में।

म.प्र. शासन की मंशा अनुरूप मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा "एम.पी. फार्मगेट एप" का विकास किया गया है। एम.पी. फार्मगेट एप के माध्यम से कृषक अपनी उपज का सही मूल्य प्राप्त करने एवं अपनी सुविधा अनुसार उपज को अपने घर/खलियान से विक्रय करने में सफल रहा है, इस प्रकार यह किसान सशक्तिकरण का एक माध्यम बना है।

एम.पी. फार्मगेट एप पर कृषकों को यह सुविधा उपलब्ध करायी गई है कि वह अपने एंड्राइड मोबाइल से एप्लीकेशन को निशुल्क डाउनलोड कर अपनी कृषि उपज को विक्रय हेतु प्रदर्शित कर सकते है साथ ही अपनी स्वेच्छानुसार व्यापारी का चयन कर स्वयं द्वारा ऑफर मूल्य पर अपनी उपज सम्बंधित व्यापारी को विक्रय कर सकते हैं।

एम.पी. फार्मगेट एप का उपयोग कर कृषकों को मंडी में लगने वाले समय व हम्माल तुलावटी पर होने वाले व्यय में बचत तथा परिवहन एवं बोरों का व्यय व्यापारी द्वारा वहन करने से कृषकों को लाभ हुआ है।

"एम.पी. फार्मगेट एप" के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ-साथ माह जनवरी 2025 हेतु निम्नानुसार लक्ष्य निर्धारित किये जाते है :-

1. समस्त 'अ'-वर्ग की मंडियां न्यूनतम 1500 कृषकों के पंजीयन एम.पी. फार्मगेट एप पर करेंगीं।
2. समस्त 'ब'-वर्ग की मंडियां न्यूनतम 800 कृषकों के पंजीयन एम.पी. फार्मगेट एप पर करेंगीं।
3. समस्त 'स'-वर्ग की मंडियां न्यूनतम 300 कृषकों के पंजीयन एम.पी. फार्मगेट एप पर करेंगीं।
4. समस्त 'द'-वर्ग की मंडियां न्यूनतम 200 कृषकों के पंजीयन एम.पी. फार्मगेट एप पर करेंगीं।

उपरोक्तानुसार लक्ष्य की पूर्ति समय सीमा में किया जाना सुनिश्चित करें।

(कुमार पुरुषोतम)
आयुक्त सह प्रबंध संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्र./मंडी बोर्ड/आई.टी.सेल/2024-25/ 467 भोपाल, दिनांक 28 /01/2025

प्रतिलिपि:- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. निज सहायक, प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
2. अपर संचालक, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड।
3. श्री मुशर्रफ़ सुल्तान, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी. भोपाल।
4. चीफ प्रोग्रामर, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।

आयुक्त सह प्रबंध संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल